# DISTRICT MAGISTRATE FATEHPUR

संदर्भ सं0 G00147/O.A.No-528/2023 दिनांक 10/05/2024

To,

E-Mail/Registered Post

**The Registrar,**
The National Green Tribunal
Principal Bench,
New Delhi
E-Mail:- judicial-ngt@gov.in

**Subject:**-Compliance of direction issued by Hon'ble National Green Tribunal in O.A No. 528/2023, In re: news report published in Dainik Jagran dated 14.08.2023 "highlights a growing concern regarding industrial pollution in the Godhrauli village" in order dated 04-03-2024.

**Sir,**

With reference to the subject mentioned above, this is to inform you that in compliance of order issued on dated 04-03-2024 by Hon'ble National Green Tribunal in O.A No. 528/2023, In re: News report published in Dainik Jagran dated 14.08.2023 "highlights a growing concern regarding industrial pollution in the Godhrauli village". The compliance report is submitted for your kind perusal and necessary action please.

**Encl:**-As Above.

Your Sincerely

10/5/24

(C. Indhumathy)
**DM, Fatehpur**

**माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में दायर ओ0ए0 सं0 528/2023 में पारित आदेश दिनॉक 04.03.2024 के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर के आदेश के अन्तर्गत गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 02.05.2024 को किये गये निरीक्षण की आख्याः–**

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में दायर ओ0ए0 सं0 528/2023 में पारित आदेश दिनॉक 04.03.2024 के सुसंगत अंश "....... Learned Amicus has submitted that the survey should be conducted by the District Magistrate, Kanpur Nagar, Kanpur Dehat and Fatehpur to find out the other areas where all kinds of hazardous waste have been dumped and which are creating health hazard and contaminating the ground water. We are of the view that this exercise should be carried out by concerned three District Magistrates and the report should be submitted before the Tribunal at least one week before the next date of hearing......" के अनुपालन मे जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर द्वारा पत्र संख्या जी00122/प्रदूषण/एनजीटी/2024 दिनॉक 30.04.2024 के माध्यम से गठित समिति के सदस्यों को जनपद फतेहपुर में ऐसे स्थल जहां हैजार्डस वेस्ट डम्प हैं तथा जिससे स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव एवं भूगर्भीय जल प्रदूषित होरहा हैं, को चिन्हित कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया हैं।

तद्नुसार जिला मजिस्ट्रेट, फतेहपुर के उक्त आदेश के अनुपालन में जनपद फतेहपुर स्थित गोधरौली, आशापुर अभयपुर एवं रानीपुर क्षेत्र का दिनॉक 02.05.2024 को उक्त आदेश में गठित समिति के निम्न् सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया।

1. डा0 अभिनीत कुमार, उप जिलाधिकारी, बिन्दकी, फतेहपुर।
2. पवन कुमार चौधरी, अपर साख्यिकी अधिकारी, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, फतेहपुर।
3. रामजस प्रसाद, वैज्ञानिक सहायक, क्षेत्रीय कार्यालय उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रयागराज।

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा ओ0ए0 सं0 528/2023 में पारित आदेश दिनॉक 21.08.2023 के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रयागराज द्वारा पूर्व में पत्र संख्या–जी00995/528 ऑफ 2023/2024 दिनांक–02.02.2024 के माध्यम से अनुपालन आख्या प्रेषित की गयी थी जिसमें हैजार्डस वेस्ट माँ शीतला मन्दिर के आसपास एवं सड़कों के दोनों ओर डम्प पाया गया था तथा गोधरौली से बनियन खेड़ा जाने वाली सड़क तथा रेलवे क्रासिंग के आस–पास खेतों में हैजार्डस वेस्ट डम्प पाया गया था। जिसका स्थलीय निरीक्षण भी जॉच समिति द्वारा किया गया एवं हैजार्डस वेस्ट उपर्युक्त स्थल पर डम्प पाया गया।

कमेटी के उक्त तीन सदस्यों द्वारा किये गये संयुक्त निरीक्षण, स्थानीय ग्रामीणों से प्राप्त सूचना एवं दृष्टिगोचर हुए तथ्यों के आधार पर आख्या निम्नवत् हैः–

- निरीक्षण के समय ग्राम पंचायत गोधरौली के ग्राम प्रधान श्री रवीन्द्र कुमार उपस्थित थे उनके द्वारा अवगत कराया गया कि "प्रधान गोधरौली तहसील बिन्दकी थाना औंग जनपद फतेहपुर में लगभग 10–15 वर्ष पूर्व में तालाब के किनारे मकान जो दयाराम साहू, राधेश्याम साहू, रामू निषाद, बेनी निषाद, अनिल निषाद, अरविन्द पाण्डेय के हैं जिसमें क्रोमियम युक्त केमिकल वाली डस्ट डालकर भराई किये जाने की आशंका है। चूँकि वर्तमान में मकान बने हुए हैं जो ऊपर से देखने में क्रोमियम युक्त डस्ट दिखाई नहीं देती है इसके अलावा तालाबों के किनारे बनियन खेड़ा मार्ग के किनारे व रेलवे लाइन के दोनों तरफ क्रोमियम युक्त डस्ट पड़ी हुयी है।"
- गोधरौली क्षेत्र में मेसर्स मधुचन्द्रा टेक्नोकेम काम्प्लेक्स प्रा0 लि0, गोधरौली, फतेहपुर के उद्योग परिसर के पास स्थित डम्पयार्ड परिसर जिसमें गेट सहित बाउण्ड्री वाल निर्मित हैं तथा जिसका स्वामित्व मेसर्स मधुचन्द्रा टेक्नोकेम काम्प्लेक्स प्रा0 लि0, गोधरौली, फतेहपुर के पास हैं, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उद्योग प्रतिनिधि के रुप में श्री राकेश कुमार अग्रवाल उपस्थित थें। निरीक्षण के समय उपस्थित लेखपाल द्वारा अवगत कराया गया कि डम्पयार्ड परिसर लगभग 100 मीटर लम्बा तथा 40 मीटर चौड़ा हैं, डम्पयार्ड परिसर में लगभग 25 मीटर लम्बाई तथा 40 मीटर चौड़ाई के क्षेत्र में मन्दिर एवं बोरवेल निर्मित हैं। शेष लगभग 75 मीटर लम्बाई तथा 40 मीटर चौड़ाई के क्षेत्र में परिसर की जमीनी सतह से औसतन लगभग 3.0 मीटरकी उचांई में हैजार्डस वेस्ट डम्प पाया गया। इस प्रकार परिसर में औसतन लगभग 9000 घनमीटर हैजार्डस वेस्ट डम्प हैं। उपस्थित उद्योग प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कई वर्षो पूर्व हैजार्डस वेस्ट को परिसर में डम्प किया गया था। डम्पयार्ड परिसर के बाहर भी हैजार्डस वेस्ट डम्प किया गया पाया गया। परिसर में स्थापित बोरवेल से जल नमूना एकत्र किया गया।




फोटो–1: डम्पयार्ड में एकत्र ठोस अपशिष्ट




फोटो–2: डम्पयार्ड परिसर के बाहर एकत्र ठोस अपशिष्ट




फोटो–3: डम्पयार्ड के बोरवेल से जल नमूना एकत्रण

- आशापुर अभयपुर गांव के निरीक्षण के समय उपस्थित ग्रामवासियों ने पूछताछ के दौरान अवगत कराया कि गांव में पीने के पानी हेतु लगे हैण्ड पम्प तथा पानी की टंकी से नल द्वारा आपूर्ति किये गये जल का प्रयोग किया जाता हैं। पानी से किसी भी प्रकार की समस्या उनको नही हैं। श्री रामवहादुर सिंह परिहार के घर के पास लगे हैण्डपम्प से जल नमूना एकत्र किया गया।




फोटो–4: पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाईन




फोटो–5: हैण्डपम्प से जल नमूना एकत्रण

- निरीक्षण के समय कानपुर–फतेहपुर हाईवे से आशापुर–अभयपुर को जाने वाली सड़क के बाये तरफ स्थापित पानी की टंकी के निकट परिसंकटमय ठोस अपशिष्ट डम्प किया गया पाया गया। ग्रामीणों से पूछताछ में यह संज्ञान मे

आया कि 18–20 वर्ष पूर्व कुछ औद्योगिक इकाईयों द्वारा औद्योगिक इकाई से जनित सालिड वेस्ट को गॉव के आसपास गड्ढों में भरने हेतु फेका जाता था, वर्तमान में किसी भी औद्योगिक इकाई द्वारा जनित सालिड वेस्ट को गांव के आस–पास नहीं फेंका जा रहा हैं।




फोटो–6: एकत्र ठोस अपशिष्ट




फोटो–7: एकत्र ठोस अपशिष्ट

- रहसूपुर क्षेत्र में परिहार होटल के पास कानपुर–फतेहपुर हाईवे के किनारे परिसंकटमय ठोस अपशिष्ट डम्प किया गया पाया गया। आस–पास के ग्रामीणों से पूछताछ में यह संज्ञान मे आया कि 18–20 वर्ष पूर्व कुछ औद्योगिक इकाईयों द्वारा औद्योगिक इकाई से जनित सालिड वेस्ट को सड़क

के आस पास गड्ढों में भरने हेतु फेका जाता था। परिहार होटल में लगे बोरवेल से जल नमूना एकत्र किया गया।




फोटो–8: एकत्र ठोस अपशिष्ट

- निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा एक हैण्ड पम्प तथा दो बोरवेलसे जल नमूना एकत्र किया गया, जिनका विवरण निम्नवत् है :–
  1. बोरवेल, मेसर्स मधुचन्द्रा टेक्नोकेम काम्प्लेक्स प्रा0 लि0, गोधरौली, फतेहपुर के डम्पयार्ड परिसर।
  2. हैण्डपम्प श्रीरामबहादुर सिंह परिहार के घर के पास, ग्राम–आशापुर अभयपुर, फतेहपुर।
  3. बोरवेल, परिहार होटल परिसर, रहसूपुर, जी0टी0 रोड के पास, फतेहपुर।

  उक्त एकत्रित जल नमूनों में क्रोमियम के विश्लेषण हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रयागराज की प्रयोगशाला में जमा किया गया हैं।
- उपरोक्त एकत्रित तीनों जल नमूनों के विश्लेषण में क्रोमियम की मात्रा नहीं पाई गयी।**(संलग्नक–1)**
- क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रयागराज द्वारा अपने पत्रांक संख्या–जी00142/एन0जी0टी0 ओ0ए0न0–528/2023 दिनांक 09.05.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाईयां मेसर्स एसोसिएट्स केमिकल वर्क्स रहसूपुर, मेसर्स आसमा केमिकल्स रहसूपुर, मेसर्स मधुचन्दा टेक्नोकेम कॉम्पलेक्स प्रा0लि0 गोधरौली तथा मेसर्स आसियाना केमिकल्स प्रा0लि0 रहसूपुर तहसील बिन्दकी जनपद फतेहपुर में स्थापित हैं। वर्तमान में केवल मेसर्स आसियाना केमिकल्स प्रा0लि0 रहसूपुर द्वारा ही उत्पादन कार्य किया जा रहा है। उक्त औद्योगिक इकाई द्वारा माह

सितम्बर 2019 से उत्पादन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है जिससे वर्तमान में क्रोमियम युक्त हैजार्डस वेस्ट जनित नहीं किया जा रहा है तथा यह भी अवगत कराया गया है कि प्रदूषण प्रभावित ग्राम गोधरौली में डम्प अपशिष्ट पदार्थ उक्त चारो बेसिक क्रोम सल्फेट का उत्पादन करने वाली इकाईयों से जनित अपशिष्ट प्रतीत होता है परन्तु उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा जारी नोटिस के प्रतिउत्तर में उक्त चारों औद्योगिक इकाईयों द्वारा अपशिष्ट डम्प किये जाने से इन्कार किया गया है। तत्पश्चात डम्प अपशिष्ट में क्रोमियम के विश्लेषण हेतु दिनांक 02–05–2024 को विभिन्न स्थलों से 06 नमूने एकत्र कर केन्द्रीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ को प्रेषित किया गया है जिसकी विश्लेषण आख्या अपेक्षित है। यदि विश्लेषण आख्या में क्रोमियम की मात्रा पायी जाती है तो उक्त कृत्य हेतु उक्त चारों इकाई जिम्मेदार मानी जायेगीं।

- गोधरौली एवं आस–पास के क्षेत्र में डम्प किये गये हैजार्डस वेस्ट का ड्रोन सर्वे किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रयागराज द्वारा मेसर्स उत्तर प्रदेश वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रोजेक्ट (ए डिवीजन ऑफ रैम्की इन्वायरो इन्जीनियर्स लिमिटेड) सिकन्दरा रोड़ कुम्भी कानपुर देहात को दिनांक 25.04.2024 को पत्र प्रेषित किया गया है। **(संलग्नक–02)** अग्रेतर माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में दायर ओ0ए0 सं0 528 / 2023 में पारित आदेश दिनॉक 04.03.2024 के अनुपालन में गोधरौली क्षेत्र में डम्प किये गये वेस्ट की मात्रा एवं उसकी सान्द्रता के ऑकलन किये जाने तथा मृदा के रेमेडिएशन एवं तत्पश्चात भूगर्भीय जल के रेमेडिएशन हेतु तकनीकी प्रस्ताव प्राप्त किये जाने के लिए सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय पर्यावरण अभियान्त्रिकीय अनुसंधान संस्थान एवं भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान से दिनांक 13–03–2024 को पत्राचार किया गया है। **(संलग्नक–03)**

उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

| | | |
|---|---|---|
| 10/5/2024 | 10-5-2024 | 10/05/2024 |
| (रामजस प्रसाद) | (पवन कुमार चौधरी) | (डा0 अभिनीत कुमार) |
| वैज्ञानिक सहायक, | अपर सांख्यिकी अधिकारी | उप जिलाधिकारी |
| उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, | जिला उद्योग एवं उद्यम | तहसील–बिन्दकी, |
| प्रयागराज। | प्रोत्साहन केन्द्र, फतेहपुर। | फतेहपुर |

संलग्नक - ①

# REGIONAL LABORATORY PRAYAGRAJ
# UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

Sector-10, Yojna No.-3 Avas Vikas Parishad Colony, Jhusi, Prayagraj

## TEST REPORT: WATER LABORATORY(GROUND WATER)

**Ref No:** 26205873/Allahabad/2024 **Date:**04/05/2024

1- **Sample Location:** Borewell Parihar Hotel Rahsupur
2- **Address:** Rahsupur GT Road
3- **Distirct:** Fatehpur
4- **Sample Source:** TubeWell
5- **Type of sample :** Ground Water
6- **Sample Collected By :** Committee formed by DM Fatehpur
7- **Odour :** None
8- **Quantity and Packing :** 2 Ltr Jricane
9- **Date of Sample Collection :** 02/05/2024
10- **Analyis Indented by :** RO Allahabad
11- **Date of sample receipt in Lab :** 03/05/2024

| Parameter | Unit | Standards Source: IS 10500:2012(2nd Rev.) Required Acceptable Limit | Results | Detection Range |
|---|---|---|---|---|
| Total Chromium, APHA 24th Ed. 3111-B: 2023 | mg/l | 0.05 | ND | 0.05-1000 mg/l |

These standards are subject to revision

*Non-NABL Parameters.

Note : 1 The results in the Test Report relate only to the items tested: 2. The report shall not be reproduced-except in full, without the written permission of laboratory. 3. The test report pertains to the sample as received in Lab.

Remark:* - NA

**Analysed by**
**[Dr Anup Kumar Gupta (JRF)]**

**Authorized by**

**Ramjas Prasad (SA)**

Ramjas Prasad Digitally signed by Ramjas Prasad Date: 2024.05.04 14:22:20 +05'30'

Ramesh Kumar Singh Digitally signed by Ramesh Kumar Singh Date: 2024.05.04 14:22:31 +05'30'

**Regional Officer**

REGIONAL LABORATORY PRAYAGRAJ
UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD
Sector-10, Yojna No.-3 Avas Vikas Parishad Colony, Jhusi, Prayagraj

## TEST REPORT: WATER LABORATORY(GROUND WATER)

**Ref No: 26206024/Allahabad/2024** **Date:04/05/2024**

1- **Sample Location:** Handpump Near House of Rambahadur Singh parihar
2- **Address:** Vill. Ashapur Abhaypur
3- **Distirct:** Fatehpur
4- **Sample Source:** Handpump
5- **Type of sample :** Ground Water
6- **Sample Collected By :** Committee formed by DM Fatehpur
7- **Odour :** None
8- **Quantity and Packing :** 2 Ltr Jricane
9- **Date of Sample Collection :** 02/05/2024
10- **Analyis Indented by :** RO Allahabad
11- **Date of sample receipt in Lab :** 03/05/2024

| Parameter | Unit | Standards Source: IS 10500:2012(2nd Rev.) Required Acceptable Limit | Results | Detection Range |
|---|---|---|---|---|
| Total Chromium, APHA 24th Ed. 3111-B: 2023 | mg/l | 0.05 | ND | 0.05-1000 mg/l |

These standards are subject to revision

*Non-NABL Parameters.

Note : 1 The results in the Test Report relate only to the items tested: 2. The report shall not be reproduced-except in full, without the written permission of laboratory. 3. The test report pertains to the sample as received in Lab.

Remark:* - NA

**Analysed by**
**[Dr Anup Kumar Gupta (JRF)]**

**Authorized by**

**Ramjas Prasad (SA)** Ramjas Prasad Digitally signed by Ramjas Prasad Date: 2024.05.04 14:18:55 +05'30'

Ramesh Kumar Singh Digitally signed by Ramesh Kumar Singh Date: 2024.05.04 14:19:04 +05'30'

**Regional Officer**

# REGIONAL LABORATORY PRAYAGRAJ
## UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD
Sector-10, Yojna No.-3 Avas Vikas Parishad Colony, Jhusi, Prayagraj

### TEST REPORT: WATER LABORATORY(GROUND WATER)

**Ref No:** 26206545/Allahabad/2024

**Date:**04/05/2024

1- **Sample Location:** Borewell Dumpyard Madhuchandra Techno Complex P.lt
2- **Address:** Gudhrauli
3- **Disitrct:** Fatehpur
4- **Sample Source:** TubeWell
5- **Type of sample :** Ground Water
6- **Sample Collected By :** Committee formed by DM Fatehpur
7- **Odour :** None
8- **Quantity and Packing :** 2 Ltr. Jerri cane
9- **Date of Sample Collection :** 02/05/2024
10- **Analyis Indented by :** RO Allahabad
11- **Date of sample receipt in Lab :** 03/05/2024

| Parameter | Unit | Standards Source: IS 10500:2012(2nd Rev.) Required Acceptable Limit | Results | Detection Range |
|---|---|---|---|---|
| Total Chromium, APHA 24th Ed. 3111-B: 2023 | mg/l | 0.05 | ND | 0.05-1000 mg/l |

These standards are subject to revision

*Non-NABL Parameters.

Note : 1 The results in the Test Report relate only to the items tested; 2. The report shall not be reproduced-except in full, without the written permission of laboratory. 3. The test report pertains to the sample as received in Lab.

Remark:* - NA

**Analysed by**
**[Bholy Yadav (JRF)]**

**Authorized by**

**Ramjas Prasad (SA)**

Ramjas Prasad Digitally signed by Ramjas Prasad Date: 2024.05.04 14:17:17 +05'30'

Ramesh Kumar Singh Digitally signed by Ramesh Kumar Singh Date: 2024.05.04 14:17:29 +05'30'

**Regional Officer**

संलग्नक - (2)

दूरभाष / Ph. : 0532-2569727

# क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

आवास विकास परिषद कालोनी, सेक्टर-10, योजना संख्या-3, झूँसी, प्रयागराज - 221506
Email-roprayagraj@uppcb.in

संदर्भ सं0 ...................................... दिनांक 25/04/2024

सेवा में

मेसर्स उ0प्र0 वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट
(ए डिवीजन का रैमकि एनवायरों इंजीनियर्स लि0)
प्लाट नं0 672, सिकन्दर रोड कुम्भी,
कानपुर देहात।

विषयः बेसिक क्रोम सल्फेट का उत्पादन करने वाली इकाईयों से जनित परिसंकटमय अपशिष्ट के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करें। अवगत कराना है कि माननीय एनजीटी में दायर ओ0 सं0 528/2023 में पारित आदेश दिनॉक 04.03.2024 के अनुपालन में ग्राम गुधरौली एवं आसपास के क्षेत्र में बेसिक क्रोम सल्फेट का उत्पादन करने वाली इकाईयों से जनित वेस्ट जो गुधरौली एवं आसपास के गांव में फेंका गया है का ड्रोन सर्वे कराया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि ड्रोन सर्वे में प्रस्तावित व्यय के संबंध में इस कार्यालय को तीन दिन में अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे उद्योगों द्वारा फेके गये परिसंकटमय अपशिष्ट की मात्रा के आधार पर दोषी इकाईयों के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने की कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

25/4/24

(आर0के0 सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि: मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त 2), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सूचनार्थ सादर प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक - 3

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
## UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

संदर्भ सं0/Ref. No. 08253/G2/NGT-46/24 दिनांक/Date 13-3-24

सेवा में ई–मेल

1. निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली।
2. निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), रूड़की।
3. निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), कानपुर।
4. निदेशक, राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI), नागपुर।
5. निदेशक, भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (IITR), लखनऊ।

विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा Original Application No. 528/2023 News report published in Dainik Jagran dated 14.08.2023 "highlights a growing concern regarding industrial pollution in the Godhrauli village" के अन्तर्गत पारित आदेश दिनांक 04.03.2024 के अनुपालन के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा Original Application No. 528/2023 News report published in Dainik Jagran dated 14.08.2023 "highlights a growing concern regarding industrial pollution in the Godhrauli village" के अन्तर्गत पारित आदेश दिनांक 04.03.2024 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त आदेश के अंश निम्नवत है :–

...... 8. We also find from the report submitted along with the covering letter of UPPCB dated 02.02.2024 in OA No. 528/2023 that during the spot inspection by three member Committee on 24.01.2024 the contaminated solid dumps were found near Maa Sheetla Temple at Village Godhrauli on both the sides and near railway crossing and road from Godhrauli to Bania Kheda. The report further reflects that the ground water taken from the handpumps was found to be contaminated and some of the villagers have constructed their house at the dump site. In the water samples collected by the Board from the handpump no. 2, 4, 5, 6, 10 and 11, the contents of chromium were found to be exceeding the limit. The report states that on account of the hazardous waste dumping in the area, serious adverse consequences in future are expected.

9. We do not find any satisfactory action by the Board to remediate the situation at the ground level ......

ग्राम–गुधरौली, फतेहपुर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा अवैध रूप से डम्प किये गये क्रोमियम वेस्ट की मात्रा एवं उसकी सांद्रता के आंकलन किये जाने तथा उक्त डम्प क्रोमियम वेस्ट के कारण उक्त साइट की कन्टामिनेटेड मृदा का रेमेडियेशन किया जाना है। मा0 एन0जी0टी0 के आदेश के अनुपालन में क्रोमियम डम्प साइट की मृदा के रेमेडियेशन एवं तत्पश्चात भूगर्भीय जल के रेमेडियेशन का कार्य भी कराया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि ग्राम गुधरौली, फतेहपुर में क्रोमियम वेस्ट डम्प साइट पर क्रोमियम वेस्ट की मात्रा एवं उसकी सांद्रता के आंकलन किये जाने तथा मृदा के रेमेडियेशन एवं तत्पश्चात भूगर्भीय जल के रेमेडियेशन हेतु उपयुक्त तकनीक, उसके कियान्वयन की मैथडलोजी, समयसीमा एवं उक्त प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत सहित प्रस्ताव राज्य बोर्ड को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। साथ ही उक्त प्रोजेक्ट के कियान्वयन की कार्यवाही आपकी संस्था द्वारा सम्पादित की जा सकती हो तो इस सम्बंध में भी अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे कि तदानुसार क्रोमियम डम्प साइट की मृदा के रेमेडियेशन एवं तत्पश्चात भूगर्भीय जल के रेमेडियेशन हेतु डी0पी0आर0 तैयार कराने एवं प्रोजेक्ट के कियान्वयन की कार्यवाही शीघ्र आरम्भ की जा सके।

भवदीय

(संजीव कुमार सिंह)
सदस्य सचिव



Scanned with OKEN Scanner